0/4/2020-SEC_4-UDHD DEPT-I/8242/2021

# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवामें,

नगर आयुक्त, सभी नगर निगम।
कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी नगर परिषद् / नगर पंचायत।

पटना, दिनांक.12.07.2021

**विषय- दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक अंतर्गत निर्मित आश्रय स्थलों मेंकार्यरत प्रबंधक एवं केयरटेकर को अद्यतन भुगतान करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक अंतर्गत दिनांक 23.06.2021 को संपन्न राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति (SLSMC) की 18वीं बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी संचालित आश्रय स्थलों में कार्यरत प्रबंधक एवं केयरटेकर के मानदेय भुगतान की अद्यतन स्थिति की मांग की गयी है। विदित हो कि विभागीय पत्रांक 1952 दिनांक-13.11.2020 द्वारा आश्रय स्थलों का संचालन एवं प्रचालन कर रहे प्रबंधक तथा केयरटेकर को ससमय भुगतान से सम्बंधित निदेश सभी नगर निकायों को पूर्व से दिया गया है।

अतः अनुरोध है कि सभी संचालित आश्रय स्थलों में कार्यरत प्रबंधक एवं केयरटेकर को माह जून, 2021 तक का भुगतान अद्यतन करते हुए विभाग को दिनांक 15.07.2021 तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय ताकि इसकी सूचना राज्य स्तरीय SUH अनुश्रवण समिति (SLSMC) को उपलब्ध करायी जा सके। साथ प्रत्येक माह के 15 तारीख तक संलग्न विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

अनु०-यथोक्त।

विश्वासभाजन

12/07/21

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग

**<u>DAY-NULM योजनान्तर्गत संचालित आश्रय स्थलों में प्रबंधक एवं केयरटेकर के मानदेय भुगतान की स्थिति</u>**

| क्रमांक | नगर निकाय का नाम | आश्रय स्थल का नाम एवं पता | आश्रय स्थल की क्षमता | कार्यरत प्रबंधक का नाम | पिता अथवा पति का नाम | प्रबंधक का मोबाइल नं० | **Smartphone? Y/N** | केयरटेकर का नाम | पिता अथवा पति का नाम | केयरटेकर का मोबाइल नं० | **Smartphone? Y/N** | प्रबंधक एवं केयरटेकर के भुगतान की स्थिति **(Last paid for the month of)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | | | 2 | | | | |
| | | | | | | | | 3 | | | | |

नगर आयुक्त /कार्यपालक पदाधिकारी
(नगर निकाय का नाम)